SAMPARK
Image Management Consultants

Sampark PR Media Resource Service

Date	31-1-11
Publication	Hindustan
Edition/ City	New delhi
Page	12

जलवायु परिवर्तन के खतरों पर होगी चर्चा

तीन राष्ट्राध्यक्ष और तीन नोबेल विजेता समेत साठ देशों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली

दि एनर्जी रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) जलवायु परिर्वतन से जुड़े विभिन्न पहलुओं और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने को लेकर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

दिल्ली सतत विकास सम्मेलन (डीएसडीएस) का उद्घाटन आगामी तीन फरवरी को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह करेंगे। इसमें तीन राष्ट्राध्यक्षों, तीन नोबेल विजेताओं समेत 60 देशों के प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। टेरी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-दुनिया के विशेषज्ञ जलवायु परिर्वतन और विकास पर पड़ने वाले इसके प्रभावों पर चर्चा करेंगे। इसमें जलवायु परिर्वतन के खतरों को कम करते हुए सतत विकास की दिशा में पेश आने वाली कठिनाइयों और नीतिगत चुनौतियों, नई खोजपूर्ण नीतियां तैयार करने, सतत ऊर्जा को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा की जाएगी।

जलवायु परिवर्तन से निपटने में वैकल्पिक ऊर्जा की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन देश में इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर विशेष सत्र रखा गया है। इस मौके पर क्लाइमेट चेंज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी में हरित तकनीकों का निर्माण करने वाली देश-विदेश की 30 कंपनियों की तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। सम्मेलन में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई, सेसल्स के राष्ट्रपति जेम्स एलेक्स, डोमिकन रिपब्लिक के प्रेसीडेंट फर्नांडिज रेएन, नार्वे और चिली के पूर्व राष्ट्रपति आएंगे।